करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 | 16

## मुख्य वक्ता मीणा ने मानवाधिकार दिवस के महत्व व मौलिक अधिकारों के बारे में बताया

# महाविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

**करौली** शहर के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य नत्थू सिंह राजावत ने विद्यार्थियों को जियो और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रमावतार मीणा ने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के इतिहास व महत्व के बारे में चर्चा करते हुए मानव के मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ.पप्पू लाल कोली ने मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर अंकित मीणा,दिलखुश कुमार मीणा,गोरे लाल मीणा, ब्रिजेश कुमार मीणा, डॉ.ओमप्रकाश मीणा,डॉ. मिथलेश गुप्ता, मनमोहन सिंह व देवी सहाय प्रजापत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विश्राम सिंह मीणा ने किया।



करौली। शहर के राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया।

हिंडौन सिटी ग्रामीण। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना व मानवाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.महेश कुमार गर्ग ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा पत्र की स्मृति में प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ.रीतेश जैन सहायक आचार्य राज. विज्ञान ने बताया कि किसी राष्ट्र व समाज के कल्याण और विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए मानव अधिकारों का होना आवश्यक है। मानव अधिकारों के अर्थ व मूल अधिकारों में अन्तर के बारे में भी जानकारी दी। श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायनशास्त्र ने भारत में मानव अधिकारों की स्थिति व संरचनात्मक स्थिति के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने अपने उद्‌बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शुभकामना देते हुए सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। इस अवसर पर ई.एल.सी. प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों के माध्यम से वोटर आई.डी.कार्ड के लिए पंजीकरण कराने की जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन भी करवाए।